आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 25.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त जारी की।
- भारत सरकार के पशुपालन सांख्यिकी प्रभाग के सलाहाकार पशुधन गणना की प्रगति की समीक्षा के लिए द्वीपसमूह का दौरा करेंगे।
- नई दिल्ली में स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन तीन से पांच अप्रैल तक।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह दो हजार पच्चीस का शुभारंभ किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त जारी की। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने बिहार में किसानों से जुड़ी योजनाओं समेत विभिन्न विकासीय परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ पर देश भर के सभी किसानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पहल देश के किसानों को सम्मान, समृद्धि और नई ताकत दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार के प्रयासों से देश में कृषि क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि लाखों छोटे किसानों को वित्तीय मदद मिलने से अब उनके लिए बाजार सुलभ हो गया है। श्री मोदी ने कहा कि इसके साथ ही खेती की लागत कम हुई है और उनकी आय भी बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अपने किसानों पर गर्व है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एव डेयरी मंत्रालय के पशुपालन सांख्यिकी प्रभाग के सलाहाकार जगत हजारिका पशुधन गणना की प्रगति की समीक्षा के लिए आज से सत्ताईस फरवरी तक द्वीपसमूह का दौरा करेंगे। पूरे देश में इक्कीसवीं अखिल भारतीय पशुधन गणना चल रही है, जिसमें पशुओं की आबादी और नस्ल के आंकड़े घरेलू स्तर पर एकत्र किए जा रहे है।

द्वीपसमूह में पांच सौ इक्यावन गांव और चौबीस वार्ड है, जिनकी गणना पिछले तीन महीने से आठ परिवेक्षको ंकी देख–रेख में जारी है। इस दौरान जगत हजारिका इन विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

<><><><><><><>

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल और स्वच्छता संस्थान कोलकाता के सहयोग से अण्डमान निकोबार प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के फील्ड इंजीनियरों के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ए पी डब्ल्यू डी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा एस वी पी एम सी सचिव अजहरुद्दीन–जहीरुद्दीन काजी, ए पी डब्ल्यू डी, पी आर आई और एस वी पी एम सी के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। अपने मुख्य भाषण में मुख्य सचिव ने बताया कि विभाग हमेशा भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार पेयजल आपूर्ति प्रबंधन की कोशिश करता है। उन्होंने विभागों के इंजीनियरों को पानी की मांग प्रबंधन पर काम करने का निर्देश दिया। संयुक्त सचिव–सह–निदेशक प्रियतु मंडल और मोहम्मद इश्फाक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण मुख्य सचिव के निर्देशानुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की आवश्यकताओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है तथा यह द्वीपसमूह के लिए बहुत उपयोगी होगा। उदघाटन सत्र का समापन ए पी डब्ल्यू डी के कार्यकारी अभियंता बीजू वर्गीस द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन ने स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों को अनुदान देने की घोषणा की है। इस संबंध में इच्छुक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अनुदान का उद्देश्य कला, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। प्रशासन के अनुसार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कल की जाएगी। यह अनुदान संस्कृतिक कार्यक्रमों और गतिविधियों के आयोजन के लिए दिया जाएगा, जिससे द्वीपसमूह के सांस्कृतिक धरोहर संरक्षित और प्रोत्साहित किया जा सके।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने कल वित्तीय साक्षरता सप्ताह दो हजार पच्चीस का शुभारंभ किया है। इस वार्षिक पहल का उद्देश्य लोगों को वित्तीय रूप से जागरूक करना है। इस वर्ष का विषय "वित्तीय साक्षरता – महिला समृद्धि" है। इस वर्ष की थीम महिलाओं को वित्तीय और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर बल देती है। यह अभियान अट्ठाईस फरवरी तक चलेगा।

<><><><><><><>

भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्टार्टअप महाकुंभ– 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन तीन से पाचं अप्रैल तक भारत मण्डप में आयोजित होगा। यह महाकुंभ स्टार्टअप जगत के लिए अनूठा मंच प्रदान करेगा, जहां नए उद्यमी, निवेशक, नीति निर्माता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ एक साथ आएंगे। इस दौरान सत्र प्रदर्शनी औरी क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी, जिनका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना और ज़मीनी स्तर पर उद्यम शीलता को मजबूत करना है। द्वीपसमूह के इच्छुक स्टार्टअप इस आयोजन में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए औद्योगिक निदेशालय के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस अट्ठाईस फरवरी को मनाया जाएगा। इस सिलसिले में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से कॉलेज छात्रों के लिए 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। डॉलीगंज के विज्ञान और प्रौद्योगिकी भवन में आयोजित इस प्रतियोगिता में इच्छुक छात्र अपना नाम कल सुबह नौ बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पी. सेंथिल कुमार के पास पंजीकृत करा सकते हैं। हर वर्ष अट्ठाईस फरवरी को भारतीय भौतिक विज्ञानी सर चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के लाभार्थियों को इस वर्ष अप्रैल से लेकर अगले वर्ष मार्च तक की रियायती चीनी का कोटा एक साथ प्रदान किया जाएगा। एक किलो चीनी प्रति कार्ड प्रतिमाह के हिसाब से वितरित की जाएगी।

ऐसे सभी राशनकार्ड धारकों से अट्ठाईस फरवरी तक अपने दो महीने के राशन का कोटा उठाने को कहा गया है। हालांकि, जो राशन कार्ड धारक जनवरी के महीने में राशन नहीं ले पाए हैं, वे इस महीने अपना राशन ले सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित मौसम कार्यालय के अनुसार कल द्वीपसमूह के एकाध भागों में गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति पैंतीस से पैंतालीस किमी प्रतिघंटे से लेकर पचपन किमी प्रति घंटे तक चलने की संभावना है। मौसम की खराब स्थिति को देखते हुए मछुआरों को सत्ताईस फरवरी तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री ने भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किश्त जारी की–द्वीप समाचार की बडी खबर है। मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों के इंजीनियरों के लिए ग्रामीण जलापूर्ति के संचालन और प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन किया, कहा – पानी के विवेकपूर्ण उपयोग पर आम जनता में जागरूकता पैदा करे– इस खबर को भी अखबार ने पहले पन्ने के मध्य में प्रमुखता से प्रकाशित किया है। द डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर के अलावा नई दिल्ली में तीन से पांच अप्रैल तक स्टार्टअप महाकुंभ – 2025 का आयोजन करने के समाचार को पहले पन्ने के उपरी भाग में प्रकाशित किया है। उत्तरी व मध्य अण्डमान के उप–विभागीय विधिक समिति द्वारा कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने भीतर के पन्ने में जगह दी है। अखबार ने इस खबर के अलावा विम्बर्लीगंज के कन्यापुरम स्कूल में ''स्कूलों में शतरंज'' कार्यक्रम के शुरू होने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने श्री विजयपुरम के कई क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर बेतहाशा अतिक्रमण करने के समाचार को पहले पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>